राष्ट्रीय अभिलेखागार

वार्षिक प्रतिवेदन

1991



H
913.03
N 213.91 R

प्रकाशक

अभिलेख महानिदेशक

भारत सरकार
नई दिल्ली

H
913.03
N213.91R

INDIAN INSTITUTE OF
ADVANCED STUDY
LIBRARY SHIMLA

राष्ट्रीय अभिलेखागार

वार्षिक प्रतिवेदन

1991

प्रकाशक
अभिलेख महानिदेशक
भारत सरकार
नई दिल्ली

H
913.03
N 213.91R

G-1827
6-4-95

Library IIAS, Shimla
H 913.03 N 213.91 R
G1827

माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री अर्जुन सिंह 3 दिसम्बर, 1991 को राष्ट्रीय अभिलेखागार सौध भवन का उद्घाटन करते हुए।

राष्ट्रीय अभिलेखागार

वार्षिक प्रतिवेदन 1991

विशिष्टतायें

राष्ट्रीय अभिलेखागार के सौध (स्टैक टावर ब्लाक) का उद्घाटन, तथा "हमारी अभिलेखीय निधियां" पर एक प्रदर्शनी एवं 3 सितम्बर, 1991 को माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री अर्जुन सिंह द्वारा (1) धरती की पुकार (2) राष्ट्रीय अभिलेखागार में गैर सरकारी कागज-पत्रों का संग्रह (3) जंजीरें तथा (4) दस्तावेजों के पुनर्स्थान की निर्देशिका नामक पुस्तकों का विमोचन इस वर्ष की उल्लेखनीय घटनाएं थीं। वर्ष की दूसरी महत्वपूर्ण घटना "अभिलेख एवं सामाजिक परिवर्तन" पर एक प्रदर्शनी का आयोजन करना था।

माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री द्वारा उद्घाटित सौध भवन केन्द्रीय रूप से वातानुकूलित सात मंजिली इमारत है जिसमें राष्ट्रीय एवं ऐतिहासिक महत्व के अभिलेखों को रखने हेतु विशेष स्टील रैकों से युक्त 16000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल भण्डारण स्थान का प्रावधान है।

कर्मचारी वर्ग

डा. टी.वी. हरनाथ बाबू और श्री के.एस. तलवार को क्रमशः 10 अप्रैल, 1991 तथा 23 अप्रैल, 1991 से तदर्थ आधार पर अभिलेख उप निदेशक एवं अभिलेख सहायक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया जबकि श्रीमती सुनीता कालरा और श्री संजय गर्ग क्रमशः 15 फरवरी तथा 27 अगस्त 1991 को नियमित आधार पर अभिलेख सहायक निदेशक नियुक्त किए गए। निम्नलिखित अभिलेखाधिकारी नियमित आधार पर नियुक्त किए गए: सर्वश्री संजय गर्ग (14 जनवरी,

1991) सैयद फरीद अहमद (1 फवरी, 1991), अरुण कुमार श्रीवास्तव (6 मार्च, 1991) डा. आर. प्रतिहार (5 अप्रैल, 1991), डी.के. पंत, अशोक कपूर और श्रीमती उपा कौल (सभी 31 मई, 1991) श्री जगपाल सिंह (28 जून, 1991) श्रीमती राजुला जैन (11 जुलाई, 1991), सर्वश्री यू. रमेश और जगमोहन जरेडा (दोनों 4 नवम्बर, 1991 को) और श्रीमती मालती शर्मा (18 नवम्बर, 1991)। निम्नलिखित अधिकारियों को तदर्थ आधार पर अभिलेखा धिकारी (सामान्य) के रूप में पदोन्नत किया गया :—सर्वश्री वी.एस. राणा, जे.वी. वलानी, डा. महेश नारायण, श्रीमती मीनाक्षी वर्मा, श्रीमतीध्रुव वाटवानी और श्रीमती स्वर्ण लता धवन (सभी 18 नवम्बर, 1991 को) 1 श्री हिफजुल कवीर 18 नवम्बर, 1991 को तदर्थ आधार पर अभिलेखाधिकारी (ओ.आर.) के रूप में पदोन्नत किए गए। डा. यशोधरा जोशी को 13 मार्च, 1991 को वैज्ञानिक अधिकारी नियुक्त किया गया जबकि श्री वी.एस. मजूमदार को 12 अगस्त, 1991 को नियमित आधार पर सूक्ष्मछायाचित्रकार के रूप में पदोन्नत किया गया। श्री एन.एस. मणि को 18 नवम्बर, 1991 को तदर्थ आधार पर सूक्ष्मछायाचित्रकार के रूप में पदोन्नत किया गया।

सर्वश्री ए.के. शर्मा, सूक्ष्मछायाचित्रकार और पी.एस.एम. मोईद्दीन अभिलेखाधिकारी जो क्रमशः अपराध एवं न्यायिक विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली तथा केरल राज्य अभिलेखागार, थिरुवन्नतपुरम में प्रतिनियुक्ति पर गए थे, ने क्रमशः 3 और 12 सितम्बर, 1991 को पुनः विभाग में कार्यभार ग्रहण किया। सर्वश्री के.एल. अरोड़ा, अभिलेख उप निदेशक, पी.आर. मलिक, अभिलेख सहायक निदेशक और रूप चन्द, सूक्ष्मछायाचित्रकार क्रमशः 30 नवम्बर, 31 अक्तूबर और 30 जून, 1991 को सरकारी सेवा से निवृत्त हो गए।

31 दिसम्बर, 1991 को विभाग में स्वीकृत कर्मचारियों तथा कार्यरत कर्मचारियों की संख्या निम्नलिखित थी :—

	स्वीकृत	कार्यरत
वर्ग "क" राजपत्रित	23	16
वर्ग "ख" राजपत्रित	68	63
वर्ग "ख" अराजपत्रित	54	39
वर्ग "ग"	260	186
वर्ग "घ"	168	160
	573	464

अभिलेख निदेशक, भारत सरकार के पद को 1 जून, 1990 से अभिलेख महानिदेशक, भारत सरकार के रूप में नया पदनाम प्रदान किया गया।

वर्ष 1991-92 के लिए विभाग का वार्षिक बजट आवंटन 192.60 लाख रुपये (गैर योजनागत) और 200.00 लाख रुपये (योजनागत) था। विभाग की विभिन्न प्लान योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए वर्ष के दौरान 2 वर्ग "क" (राजपत्रित) 11 वर्ग "ख" (राजपत्रित), 7 वर्ग "ख" (अराजपत्रित) और 12 वर्ग "ग" के पद स्वीकृत किए गए।

वित्तीय सहायता की योंजना

(1) पाण्डुलिपियों आदि के परिरक्षण, सूचीकरण, तालिकाबद्ध करने, मूल्यांकन तथा प्रकाशन के लिए स्वयंसेवी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों, पुस्तकालयों, संग्रहालयों, विश्व-विद्यालयों (विश्वविद्यालयों के समकक्ष संस्थाओं सहित) और व्यक्तियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए अनुदान समिति की 4 मार्च, और 29 जुलाई, 1991 को अभिलेख महानिदेशक की अध्यक्षता में बैठकें हुई और 21 संगठनों को 12.11 लाख रुपए दिए जाने की सिफारिश की गयी।

(2) अभिलेखीय क्रियाकलापों, सरकारी अभिलेखों के रख-रखाव एवं वैज्ञानिक परिरक्षण को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्र प्रशासनों के अभिलेखीय

भण्डारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु अनुदान समिति की 4 मार्च और 30 जुलाई, 1991 को अभिलेख महानिदेशक की अध्यक्षता में दो बैठकें सम्पन्न हुई जिनमें राज्य अभिलेखागारों को 21.05 लाख रुपये दिये जाने की सिफारिश की गयी ।

(3) गैर सरकारी अभिलेखों का राष्ट्रीय रजिस्टर योजना के अन्तर्गत अभिलेखों के सर्वेक्षण एवं सूचीकरण के कार्य में तेजी लाने हेतु 6 राज्य अभिलेखागारों/क्षेत्रीय अभिलेख सर्वेक्षण समितियों को वितरित करने के लिए 90,000 रुपये की राशि मंजूर की गयी ।

अभिलेख

अवाप्तियां

विभाग के अभिलेखीय संग्रह को निम्नलिखित अधिग्रहणों द्वारा और अधिक समृद्ध किया गया ।

सरकारी अभिलेख

विद्यमान अभिलेख शृंखलाओं की रिक्त कड़ियों को जोड़ने के लिए निम्नलिखित सरकारी अभिलेख अवाप्त किए गए :—

नागर विमानन मंत्रालय (1933–64) की 256 फाइलें, वायु सेना मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय (1929–63) की 302 फाइलें, राष्ट्रपति सचिवालय (1890–1947) की 202 फाइलें और मंत्री मंडल सचिवालय (1942–64) की 49 फाइलें ।

नशीली वस्तुओं के व्यापार और सम्बद्ध मामलों से संबंधित भारत सरकार और (क) मारीशस (24 जनवरी, 1990), (ख) यू.एस.ए. (29 मार्च, 1990) और अफगानिस्तान सरकारों (29 अगस्त, 1990) के बीच हुए 3 समझौते भी अवाप्त किए गए । ये समझौते वित्त मंत्रालय से प्राप्त किए गए ।

गैर सरकारी कागज-पत्र

गैर सरकारी कागज-पत्रों के संग्रह में निम्नलिखित कागज-पत्रों की वृद्धि कर उसे और अधिक समृद्ध किया गया :—

(क) श्री टी.एफ. देवरकाहन द्वारा सुभाष चन्द्र बोस पर लिखित एक लेख (अंग्रेजी में) सहित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस कागज-पत्र (1938-41) की 59 फोटो प्रतियां विदेश मंत्रालय, यू.एस.एस.आर. सरकार से उपहार स्वरूप प्राप्त हुई। इसके अलावा भारत—यू.एस.एस.आर. सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अन्तर्गत 17वीं शव्ताब्दी के दौरान रूसी-भारतीय संबंधों से संबंधित (रूसी में) दस्तावेजों के 220 पृष्ठ प्राप्त हुए।

(ख) ऐतिहासिक दस्तावेज क्रय समिति की सिफारिश पर निम्नलिखित कागज-पत्र मूल्य देकर अधिग्रहित किए गए :—

(1) सरकार संभल, सूबा शाहजहांनाबाद से संबंधित एवं फारसी में लिखित फरमान, परवाना, चखनामा, बैनामा आदि के रूप में (1559-1885 अवधि के) 50 दस्तावेज।

(2) फारसी में 67 दस्तावेज (1675–1926) जिसमें श्रीनगर (कश्मीर) के महल्ला- बाग-ए यूसुफ खान, कुतबलदीनपुरा, आदि से संबंधित इकरारनामा, बैनामा, तकसीमनामा आदि शामिल हैं।

(3) उर्दू में 8 दस्तावेज (1909—24) जिसमें रहननामा और तहसील अकबरपुर, फैजाबाद से संबंधित न्यायालय के आदेश शामिल हैं।

(4) हिन्दी अंग्रेजी, उर्दू और बंगाली में 19 दस्तावेज (1802—1886) जिसमें वृन्दावन (मथुरा) में स्थित मंदिरों से संबंधित पट्टा, बैनामा, अर्जी आदि शामिल हैं।

(5) खम्बात (खम्बात की खाड़ी) गुजरात से संबंधित गुजराती तथा फारसी में लिखित 2 बैनामा (3 अप्रैल, 1681 तथा 11 जनवरी, 1754) और 1897—1922 के दौरान वस्तुविनिमय पद्धति पर प्रकाश डालते हुए मोदी लिपि में दो बही (1897—1922) भी उपहार स्वरूप प्राप्त की।

इसके अतिरिक्त कु. मनिबेन पटेल की श्री राजेन्द्र कुमार से प्राप्त 166 पृष्ठों की एक डायरी विभाग के लिए माइक्रोफिल्म की गयी। पुस्तकालय में 1,738 पुस्तकों की वृद्धि की गयी। इनमें एल.एम. मिचेल, के.जे. सैम्पसन और सी.एम. वूलगर द्वारा सम्पादित वर्मा के अर्ल माउन्टबेटन के कागज-पत्रों की एक सारांश सूची भी शामिल है।

माइक्रोफिल्म

भारत से संबंधित अभिलेखों एवं गैर सरकारी कागज-पत्रों के माइक्रोफिल्म संग्रह को क्रय एवं विभिन्न देशों एवं संस्थानों के साथ सांस्कृतिक अथवा अन्य आदान-प्रदान कार्यक्रम के माध्यम से प्राप्त निम्नलिखित माइक्रोफिल्म रोलों के अधिग्रहण द्वारा और अधिक समृद्ध किया गया :—

(क) ब्रिटिश लाइब्रेरी, लंदन

वायसराय के निजी सचिव के व्यक्तिगत कागज-पत्रों, सत्ता हस्तान्तरण, वार स्टाफ सीरीज, ब्रिटिश भारत में राजनीतिक एवं संवैधानिक मामलों की तिमाही सर्वेक्षण विभिन्न प्रान्तों आदि से संबंधित राजनीतिक तथा गुप्त ज्ञापन (1833—1951) अभिलेखों के हारटोग एवं ब्लेकेट संग्रह (1919—49, 1951) आदि से संबंधित आर/3/1, एल/पी एण्ड एस/188, एल/पी एण्ड जे/10, एल/पी एण्ड जे/1816 ए एण्ड सी, एल/डब्ल्यू एस शृंखलाओं के 54 रोल।

(ख) ब्रिटिश रिकार्ड आफिस, लन्दन

कैबिनेट पेपर्स (1948-49), कोलोनियल ऑफिस पेपर्स (1701-02, 1752, 1769-71 और 1793—1805) तथा चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के कार्यवृत्त एवं ज्ञापन के 7 माइक्रोफिल्म रोल।

(ग) जिनिओलोजिकल सोसाइटी आफ यूटाह यू.एस.ए.

"पांडा रिकार्डस" के 199 रोल जिनमें हरियाणा, पांडिचेरी, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिमी बंगाल, मध्य प्रदेश, पंजाब और सिंध (पाकिस्तान) के तीर्थ स्थल रजिस्टर शामिल हैं (जो वहियों के रूप में हैं)।

(घ) अफगानिस्तान से प्राप्त 13 माइक्रोफिल्म रोल जिनमें फारसी में लिखित ऐतिहासिक पाण्डुलिपियां अर्थात् (1) अखवार-ए-जहांगीर, (2) लुब-अत-तावरीख ए-हिन्द, (3) तारीख-ए-औरंगजेब या आलमगीर शामिल हैं।

जांच एवं व्यवस्था

21,918 फाइलों/वाल्यूमों, 2733 पत्रों, 250 वचन पत्रों और 2,338 मानचित्रों की जांच की गयी और उन्हें उचित क्रम में रखा गया। इसके अलावा डा. राजेन्द्र प्रसाद के कागज-पत्रों, गांधी पोलक कागज-पत्र और पी. डी. टण्डन कागज-पत्रों से संबंधित 13,699 वस्तुओं तथा गांधी सावरमती सीरीज के 7,163 पत्रों की जांच की गयी और उन्हें सही क्रम में लगाया गया। इनायत जंग संग्रह के 8,509 दस्तावेजों को भी सुव्यवस्थित किया गया।

संदर्भ माध्यम

अपनी सम्पदा से अनुसंधान संबंधी कार्य को सुविधाजनक बनाने के दृष्टिकोण से विभाग ने अभिलेखों का संदर्भ माध्यम और मिलिट्री विभाग (1849—70) की 17,235 फाइलों की जांच सूची तैयार करने का कार्य जारी रखा। जहां तक गैर सरकारी कागज-पत्रों का संबंध है इसमें डा. राजेन्द्र प्रसाद, पी.डी. टण्डन, गांधी पोलक कागज-पत्र से संबंधित कुल 10,831 मदों की विषय सूची और डा. राजेन्द्र प्रसाद और मुरलीधर कागज-पत्रों की 1,695 मदों की जांच सूची का कार्य पूरा किया गया। इसके अलावा इनायत जंग संग्रह के 2,430 दस्तावेजों की विवरणात्मक सूची तैयार की गयी।

रेजिडेंसी/पोलिटिकल एजेंसियों से संबंधित राष्ट्रीय अभिलेखागार के अभिलेखों की निर्देशिका भाग 10 के संकलन का कार्य जारी रहा। निम्नलिखित रेजिडेंसियों/पोलिटिकल एजेंसियों और क्षेत्रीय आयुक्तों/क्षेत्रीय आयुक्तों एवं सलाहकारों/स्टेट काउन्सिलरों/विशेष कार्य अधिकारियों आदि के संगठनात्मक ब्यौरों से संबंधित मसौदे तैयार किए गए—बाघैलखण्ड पोलिटिकल एजेंसी (1805—1936),

बुन्देलखण्ड एजेंसी (1805–1949), भोपाल पोलिटिकल एजेंसी (1802–1947), भोपावर पोलिटिकल एजेंसी (1801–1934), सेन्ट्रल इण्डिया एजेंसी (1804–1947), छत्तीसगढ़ स्टेट्स एजेंसी (1901–1947), ईस्टर्न स्टेट्स एजेंसी (1933–1947) जयपुर एजेंसी/रेजिडेंसी (1818-1952), कलात पोलिटिकल एजेंसी (1861–1873) मद्रास स्टेट्स एजेंसी/रेजिडेंसी (1817–1947) मालवा एवं सदर्न एजेंसी (1815–1947) मेवाड एवं सदर्न राजपूताना स्टेट्स एजेंसी (1826–1947) राजपूताना स्टेट्स एजेंसी/रेजिडेंसी (1805–1954), सिक्किम पोलिटिकल एजेंसी (1903–1937), पश्चिमी राजपूताना स्टेट्स एजेंसी/रेजिडेंसी (1805–1951), पंजाब हिल स्टेट एजेंसी/रेजिडेंसी (1815–1947) ट्रावनकोर एवं कोचीन एजेंसी/रेजिडेंसी (1759–1922), ग्वालियर रेजिडेंसी (1781–1948), इन्दौर रेजिडेंसी (1818–1916) और कश्मीर रेजिडेंसी (1891–1950)।

अनुसंधान सेवायें

अनुसंधान कक्ष

विभाग के अनुसंधान कक्ष को शोधकर्ताओं के प्रयोगार्थ सभी कार्य दिवसों में प्रातः 9.00 बजे से सायं 8.00 बजे तक और रविवार एवं राष्ट्रीय छुट्टियों को छोड़कर अन्य अवकाश दिवसों में प्रातः 9.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक खुला रहा। आलोच्य अवधि में शोधकर्ताओं ने लगभग 8,915 बार इसका उपयोग किया। 379 नये शोधकर्ताओं को नामित किया गया जिनमें निम्नलिखित देशों के 39 शोधकर्ता शामिल हैं: बंगला देश. कनाडा, चैकोस्लोवाकिया, डेनमार्क, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, जोर्डन, नीदरलैण्ड, पाकिस्तान, यूनाइटेड किंगडम एवं यू.एस.ए.। उन्हें सरकारी अभिलेखों से 41,266 फाइलें, 1,011 मानचित्र/संस्मरण, 886 गैर सरकारी कागज-पत्र और 33,861 पुस्तकें, पत्र-पत्रिकायें और मुद्रित रिपोर्ट उपलब्ध कराई गई।

माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री अर्जुन सिंह "अभिलेख सप्ताह" समारोह के अवसर पर 3 दिसंबर, 1991 को राष्ट्रीय अभिलेखागार के प्रकाशनों का विमोचन करते हुए। डॉ. आर. के. परती, अभिलेख महानिदेशक (दाएं) और श्री भास्कर घोष, सचिव संस्कृति विभाग (बीच में) उनके साथ दीख रहे हैं।

सशुल्क सूचना सेवा

विभाग ने 71 व्यक्तियों एवं संस्थाओं की ओर से मांग करने पर निर्धारित फीस प्राप्त कर सरकारी अभिलेखों, गैर सरकारी कागज-पत्रों एवं प्रकाशित सामग्री में से तलाश करके उनके द्वारा वांछित सूचनाएं उपलब्ध कराईं। इस संबंध में किए गए कार्य के विस्तृत विवरण परिशिष्ट 1 एवं 1-क पर किया गया है।

प्रकाशन

वार्षिक प्रतिवेदन

राष्ट्रीय अभिलेखागार का वार्षिक प्रतिवेदन, 1989 (हिन्दी) तथा एन्युअल रिपोर्ट आफ नेशनल आर्काइव्स, 1990 (अंग्रेजी) का प्रकाशन किया गया।

दि इंडियन आर्काइव्ज

वाल्यूम 3.6 सं. 2 (जुलाई–दिसम्बर, 1987), वाल्यूम 37, सं. 1 (जनवरी–जून, 1988) तथा वाल्यूम 37 सं. 2 (जुलाई–दिसम्बर, 1988) प्रकाशित किए गए।

गैर सरकारी अभिलेखों का राष्ट्रीय रजिस्टर वाल्यूम 17

इस वाल्यूम में भगवान जगन्नाथ मन्दिर, पुरी, उड़ीसा में उपलब्ध दस्तावेजों की विवरणात्मक सूचियां निहित हैं। इनका गैर सरकारी अभिलेखों के राष्ट्रीय रजिस्टर, भुवनेश्वर के स्टेट सेल द्वारा सर्वेक्षण एवं सूचीकरण किया गया था।

अनुसंधान संबंधी शोध निबंध एवं शोध प्रबंध बुलेटिन वाल्यूम 15

इस वाल्यूम में उत्तर मध्यकालीन एवं आधुनिक भारतीय इतिहास के विभिन्न पहलुओं पर किए गए अनुसंधान कार्य

के संबंध में सूचना निहित है। इस विषय में 1987-88 की अवधि से संबंधित वे आंकड़ों जो विभिन्न संस्थाओं द्वारा राष्ट्रीय अभिलेखागार को प्राप्त हुए थे, संकलित एवं सम्पादित करके प्रस्तुत वाल्यूम में उपलब्ध कराए गए हैं।

अवाप्त पाण्डुलिपियों की तालिका

इस तालिका में राष्ट्रीय अभिलेखागार द्वारा क्रय अथवा उपहार स्वरूप अवाप्त 189 पाण्डुलिपियों के संबंध में सूचना निहित है।

जंजीरे (उर्दू में)

इस पुस्तक में राज द्वारा प्रतिबंधित उर्दू पत्रिकाओं, समाचार-पत्रों, पुस्तकों आदि से चयित 23 लघु कथाएं निहित हैं। जिन प्रमुख लेखकों की कहानियां इसमें शामिल की गई हैं उनमें से कुछ इस प्रकार हैं—प्रेम चन्द, डा. रशीद जहां, गुलाम अब्बास, सुदर्शन, शहीद लतीफ एवं देवेन्द्र सत्यार्थी।

धरती की पुकार (हिंदी में)

इस प्रकाशन में राज द्वारा प्रतिबंधित प्रकाशनों से चयित देशभक्ति के गीत एवं कविताएं निहित हैं। इस पुस्तक में राम दास गौड़, आर.एस. दास त्रिवेदी, पारस नाथ द्विवेदी, पंडित वेनी माधव पन्त, पोखपाल सिंह वर्मा और कल्याण कुमार जैन "शशी" जैसे प्रमुख लेखकों के 141 गीत एवं कविताएं शामिल की गयी हैं।

दस्तावेजों के पुनरुद्धारा की निर्देशिका

राष्ट्रीय अभिलेखागार में गैर सरकारी कागज-पत्रों का संग्रह

अभिलेखागार एवं पुस्तकालय के लिए माइक्रोफिल्म

रैप्रोग्राफी से संबंधित चयित साहित्य की ग्रंथसूची

प्रकाशनाधीन कार्य

अर्ध वार्षिक पत्रिका दि इण्डियन आर्काइव्ज का वाल्यूम 38, सं. 1 (जनवरी–जून, 1989) मुद्रण हेतु मुद्रणालय में है।

बम्बई प्रेसिडेंसी से संबंधित **राजस्व मानचित्रों की तालिका का** वाल्यूम 1 (1871–1888) को पूरा किया जा चुका है। **मूल रसीदों और विद्रोह संबंधी कागज–पत्रों में पायी गयी मुगल मोहरों की तालिका** को स्टेंसिल काटने एवं रोनियों के लिए तैयार कर दिया गया है। **फारसी पत्राचार की विवरणात्मक सूची के वाल्यूम 3 तथा 4** का कार्य प्रगति पर है। **राष्ट्रीय अभिलेखागार, भोपाल में संग्रहीत विद्रोह संबंधी कागज-पत्रों की विवरणात्मक सूची** के वाल्यूम 6 के सम्पादन का कार्य पूरा हो चुका है। **फारसी के विविध दस्तावेजों के कलैण्डर के प्रारूप वाल्यूम** की जांच पड़ताल के कार्य में और अधिक प्रगति हुई।

एशियाई इतिहास के स्रोतों की निर्देशिका, वाल्यूम 3.2

इस वाल्यूम से संबंधित कार्य जारी है और निम्नलिखित मंत्रालयों के अभिलेखों के प्रारूप तैयार किए गए :–(1) सामुदायिक विकास एवं सहकारिता, (2) रक्षा, (3) वैज्ञानिक अनुसंधान एवं सांस्कृतिक मामले, (4) विधि, (5) इस्पात, खान एवं ईंधन (6) स्वास्थ्य और (7) परिवहन एवं संचार। इसके अलावा राष्ट्रीय अभिलेखागार और विभाग के पुस्तकालय में उपलब्ध गैर सरकारी कागज-पत्र से संबंधित 2 अध्यायों को अंतिम रूप दिया गया।

इस श्रृंखला के अन्य वाल्यूमों अर्थात् वाल्यूम 3.3 से 3.6 तक वं कार्य में नियमित प्रगति हुई।

स्वतंत्रता की ओर

विभाग ने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के विभिन्न अभिलेखीय भण्डारों तथा अपने संरक्षण में रखे सरकारी अभिलेखों, गैर सरकारी कागज-पत्रों, और अभिलेखों की

माइक्रोफिल्म प्रतियों की विभिन्न शृंखलाओं से "स्वतंत्रता की ओर परियोजना" से सम्बद्ध सामग्री को एकत्रित करने का कार्य जारी रखा। कुल मिलाकर इस सामग्री के (1939–47) 2,21,621 पृष्ठों/उद्भासनों की जांच की गई और निम्नलिखित के 13,350 पृष्ठों/उद्भासनों का चयन किया गया :—क्राउन रिप्रीजेन्टेटिव रिकार्डस (1940–42) पैरामाउन्ट्सी रिकार्डस (1939–47), इण्डियन नेशनल आर्मी ट्रायल पेपर्स (1945-46), पुलिस उपायुक्त का कार्यालय, विशेष शाखा, बंगाल सरकार (1939–47), लिनलिथगो संग्रह (1939–43), वी.डी. चतुर्वेदी कागज पत्र (1943–47), सी. राजगोपालाचारी कागज पत्र (1943–47), पी.एस. सिवास्वामी अय्यर कागज पत्र (1943), पी.डी. टण्डन कागज पत्र (1944–47), और समाचार पत्र डेली वर्कर (1939–47)।

इसके अलावा अभिलेखों/माइक्रोफिल्मों से चयित सामग्री के 32-238 पृष्ठों को इस परियोजना के प्रस्तावित वाल्यूमों में प्रयोग के लिए भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद् को अग्रेषित किया गया।

अभिलेख प्रबंध

भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और कार्यालयों में अभिलेख प्रबंध व्यवस्था में सुधार लाने के दृष्टिकोण से विभाग ने अभिलेखों का मूल्यांकन करने, कार्यगत स्वरूप के अभिलेखों की प्रतिधारण अनुसूचियों की जांच करने, विभागीय अभिलेख कक्षों का निरीक्षण करने तथा अभिलेख प्रबंध के विभिन्न पहलुओं पर सलाह देने संबंधी अपनी कार्यवाहियां जारी रखीं।

अभिलेख नीति संकल्प कार्यान्वयन

अभिलेख नीति संकल्प के कार्यान्वयन के संबंध में अभिलेख महानिदेशक की वर्ष 1989–90 की 17वीं रिपोर्ट भारत

सरकार के सभी मंत्रालयों, विभागों और कार्यालयों में वितरित की गयी । इसके अलावा वर्ष 1990–91 की 18वीं रिपोर्ट केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों से प्राप्त सूचना के आधार पर संकलित कर संस्कृति विभाग को अनुमोदनार्थ भेजी गयी।

अभिलेखों का मूल्यांकन

भारत सरकार के निम्नलिखित मंत्रालयों/विभागों की 1,39,117 फाइलों का मूल्यांकन किया गया : नई दिल्ली स्थित शहरी विकास मंत्रालय, गृह विभाग, पुनर्वास प्रभाग (गृह मंत्रालय), मंत्रिमंडल सचिवालय, भूमि एवं विकास कार्यालय (शहरी विकास मंत्रालय), महासर्वेक्षक का कार्यालय और इसका निदेशालय, देहरादून और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क समाहर्ता का कार्यालय, मद्रास। (विस्तृत विवरण के लिए कृपया परिशिष्ट 2 तथा 1-क देखें) इनमें से 103. 580 फाईलों को रखने तथा 35,537 फाइलों को नष्ट करने की सिफारिश की गयी। परिणामस्वरूप लगभग 175. 5 लिनियर मीटर शेल्फ स्थान की तथा 35,537 रुपये प्रति वर्ष के खर्च की बचत हुई।

अभिलेखों की प्रतिधारण अनुसूची की जाँच

निम्नलिखित मंत्रालयों/विभागों द्वारा संकलित मूल स्वरूप के अभिलेखों की प्रतिधारण अनुसूचियों की जांच की गयी और अभिकरणों का मौके पर अध्ययन करने तथा संबंधित अधिकारियों के साथ विचारविमर्श करने के पश्चात् उन्हें अंतिम रूप दिया गया :—रक्षा मंत्रालय, कृषि एवं सहकारिता विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, विधि विभाग, विधायी विभाग, विस्तार निदेशालय (कृषि एवं सहकारिता मंत्रालय,) भारत सरकार मुद्रणालय, (मिन्टो रोड एवं मायापुरी), केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल महानिदेशालय, तकनीकी विकास महानिदेशालय, (सभी नई दिल्ली में स्थित), महासर्वेक्षक का कार्यालय, भारतीय वन सर्वेक्षण, भूगणितीय एवं अनुसंधान

2965 NAI/92—2

शाखा निदेशालय, वन अनुसंधान संस्थान, भारतीय सर्वेक्षण का उत्तर क्षेत्रीय निदेशालय (सभी देहरादून में स्थित) भारतीय सर्वेक्षण का उत्तर पूर्वी क्षेत्र निदेशालय (चण्डीगढ) केन्द्रीय कुष्ठ रोग शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (मद्रास) भारतीय वनस्पतिक सर्वेक्षण, (कलकत्ता), नमक आयुक्त का कार्यालय (जयपुर) और क्षेत्रीय चारा उत्पादन एवं प्रदर्शन केन्द्र (सूरतगढ़)। अभिलेखों की प्रतिधारण अनुसूचियों की जांच सहित अध्ययन रिपोर्ट भी उन्हें कार्यान्वयन हेतु भेजी गयी। इसके अलावा 7 मंत्रालयों/विभागों के अभिलेखों की प्रतिधारण अनुसूचियों की जांच करने के लिए मौके पर अध्ययन किया गया।

अभिलेखों का निरीक्षण

नई दिल्ली स्थित रक्षा मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, गृह मंत्रालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय श्रम मंत्रालय, विधि एवं न्याय मंत्रालय, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भूतल परिवहन मंत्रालय, शहरी विकास मंत्रालय, आर्थिक विभाग, शिक्षा विभाग, व्यय विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, आपूर्ति विभाग, दूर संचार विभाग, आपूर्ति एवं निपटान महानिदेशालय, मुद्रण निदेशालय, रेलवे बोर्ड, मुख्य आयात एवं निर्यात नियंत्रक का कार्यालय, गृह मंत्रालय का पुनर्वास प्रभाग एवं बन्दोबस्त स्कंध, राष्ट्रपति सचिवालय और परमाणु ऊर्जा विभाग, बम्बई के अभिलेख कक्षों का वार्षिक निरीक्षण किया गया और अभिलेखों के उचित संधारण एवं सुरक्षा के संबंध में मौके पर सलाह दी गयी।

परामर्श कार्य

भारतीय मत्स्य सर्वेक्षण, बम्बई को अभिलेख प्रबंध संबंधी समस्याओं एवं अन्य अनुषांगिक मामलों में जिनमें विशेष ध्यान देने की जरूरत पड़ती है, परामर्श सेवायें प्रदान की गयी।

विधायी विभाग के परामर्श से "सरकारी अभिलेखों" के संबंध में एक बिल का प्रारूप तैयार संस्कृति विभाग द्वारा विधि मंत्रालय के विचार जानने हेतु भेजा गया।

रेप्रोग्राफिक सेवायें

सुरक्षा माइक्रोफिल्मिंग के एक अंश के रूप में होम डिपार्टमेंट (पब्लिक ब्रांच) 1849–1857) तथा फारेन डिपार्टमेंट (पोलिटिकल ब्रांच 1853–55) के अभिलेखों की 1,68,323 उद्भासन तैयार किए गए। इण्डियन आफिस लाइब्रेरी एण्ड रिकार्डस, लन्दन के साथ विनिमय कार्यक्रम के अन्तर्गत विभाग ने होम डिपार्टमेंट (पोलिटिकल ब्रांच 192 30) के माइक्रोफिल्म के 17,603 उद्भासन बनाए। विभाग ने अंग्रेजी समाचार पत्रों के माइक्रोफिल्म के 3,093 राष्ट्रपति सचिवालय के माइक्रोफिल्म के 23,735 और विभिन्न विभागों के अभिलेखों से 3,464 उद्भासन शोधकर्ताओं के लिए तैयार किए गए। इसके अलावा रेप्रोग्राफी स्कंध ने 7,073 मीटर पोजिटिव प्रिंट 1,298 परिवर्धित प्रिंट 1,21,340 जिरोक्स प्रतियां तथा अभिलेखों के निगेटिव और पोजिटिव दोनों माइक्रोफिल्मों के 386 रोल तैयार किए।

ग्यारह बाहरी अभिकरणों ने विभाग से रेप्रोग्राफी के विभिन्न पहलुओं पर तकनीकी सूचना एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया (कृपया परिशिष्ट–3 देखें)।

संरक्षण

निम्नलिखित आंकड़े वर्ष के दौरान संरक्षण के क्षेत्र में किए गए कार्य के परिमाण को दर्शाते हैं:–पटलीकरण 55,225 शीट, मरम्मत 32,0404 शीट, रक्षण पट्टी 34,594 शीट, मुढाई 304 मानचित्र एवं छायाचित्र, सिलाई 732 वाल्यूम, 564 पुस्तकें और 3,192 विविध वस्तुएं, जिल्दसाजी 717 वाल्यूम, 569 पुस्तकें और 4883 विवि वस्तुएं; 1,382 पुस्तकों, वाल्यूमों; बण्डलों आदि का वायु प्रशालन तथा लेटर प्रोजर्वेटिव मिक्चर से 10,005 वाल्यूमों का उपजार।

संरक्षण अनुसंधान प्रयोगशाला

संरक्षण अनुसंधान प्रयोगशाला ने उपयुक्त स्वदेशी परिरक्षी सामग्री एवं उपकरण विकसित करने के दृष्टिकोण से अपने प्रयोग जारी रखे। यह प्रयोगशाला अभिलेखों के टिशू मरम्मत में प्रयुक्त होनेवाले सेल्यूलोस एसीटेट पाउडर उपयुक्त नुस्खा तैयार करने में सफल रही। कई बार प्रयोग करने के पश्चात् प्राप्त इस नुस्खे के परिणाम संतोषजनक पाए गए। आशा है कि इस तकनीक के व्यापक रूप से प्रयुक्त होने पर सेल्यूलोस एसीटेट फाइल के आयात में विदेशी मुद्रा की बचत होगी।

दस्तावेजों की मरम्मत में प्रयुक्त होने वाले पेन्टाक्लोरिफिनेट की 0.3% मात्रा से युक्त विशेष मैदा लेई पर किए गए प्रयोगों के परिणाम संतोषजनक पाए गए। कीडे मकोडों एवं कागज पर बढ़ते तापमान के प्रभावों की जांच करने की दृष्टि से नव विकसित एवं तापस्थायी यंत्र द्वारा नियंत्रित सुवाह्य निर्मित प्रधूमन चेम्बर पर प्रयोग किए जा रहे हैं।

विभाग ने विभिन्न फर्मों के सहयोग से उच्च किस्म के टिशू पेपर को विकसित करने के अपने प्रयास जारी रखे।

विभाग ने स्टैक एरिया के प्रधूमन के लिए एक सुवाह्य फोगिंग मशीन का क्रय किया।

43 व्यक्तियों/संस्थाओं को अभिलेखों की मरम्मत एवं पुनर्वास के विभिन्न पहलुओं पर तकनीकी सलाह सूचना प्रदान की गयी। (विस्तृत विवरण के लिए कृपया परिशिष्ट–4 देखें)।

अभिलेखीय अध्ययन पीठ

अभिलेखीय अध्ययन पीठ ने व्यावसायिक एवं उप-व्यावसायिक स्तर पर अभिलेखीय विज्ञान के विभिन्न पहलुओं में प्रशिक्षण प्रदान करना जारी रखा।

वर्ष के दौरान पीठ द्वारा चलाए गए विभिन्न पाठ्यक्रम निम्नानुसार थे :—

1990–91 का डिप्लोमा पाठ्यक्रम का सत्र 3 सितम्बर, 1990 को आरम्भ हुआ जिसमें 11 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। ये थे–बिहार, दिल्ली और केरल प्रत्येक राज्य अभिलेखागार से एक-एक नामांकित, 1 प्राइवेट अभ्यर्थी और 7 विदेशी प्रशिक्षार्थी (3 मलेशिया, 2 कीनिया, श्रीलंका और यूगाण्डा प्रत्येक से एक एक) पाठ्यक्रम के एक अंश के रूप में प्रशिक्षार्थियों को पश्चिम बंगाल एवं उड़ीसा राज्य अभिलेखागार के अध्ययन दौरे पर ले जाया गया। दस्तावेजी विरासत का परिरक्षी संरक्षण, नयी अभिलेखीय सामग्री की समस्याएं जैसे प्रकाशीय तकनी, फोटा आदि, संगठनात्मक प्रबंध और सूचना सेवा की भूमिका अभिलेखागारों में रेप्रोग्राफी आदि जैसे विषयों पर प्रशिक्षार्थियों के लाभ हेतु प्रमुख व्यक्तियों द्वारा तेरह विस्तार व्याख्यान दिए गए। सभी प्रशिक्षार्थियों ने इस प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा किया। [कृपया परिशिष्ट 5 देखें]

अभिलेखीय अध्ययन में डिप्लोमा पाठ्यक्रम (1991-92)

इस पाठ्यक्रम का 1991-92 का सत्र 5 सितम्बर, 1991 को प्रारम्भ हुआ जिसमें 18 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। इनमें से 4 प्रायोजित अभ्यर्थी थे (अरूणाचल प्रदेश राज्य अभिलेखागार, नागालैण्ड राज्य अभिलेखागार, मिजोरम राज्य अभिलेखागार और जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय प्रत्येक से एक-एक) (9 विदेशी प्रशिक्षार्थी) (4 मलेशिया से, 2 यूगाण्डा से और तंजानिया, मलावी तथा बंगला देश प्रत्येक से एक-एक) और 5 प्राइवेट अभ्यर्थी।

अल्पावधि प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम

इस वर्ष के दौरान व्यावसायिकों/उप व्यावसायिकों के लिए निम्नलिखित पाठ्यक्रम आयोजित किए गए :—

(1) अभिलेखीय प्रशासन में 11वां पाठ्यक्रम (4 (फरवरी—29 मार्च, 1991) जिसमें 6 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया।

(2) अभिलेख प्रबंध में 33वां तथा 34वां पाठ्यक्रम (6–31 मई, 1991 और 2–27 दिसम्बर, 1991) जिसमें क्रमश 6 और 7 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया।

(3) रेप्रोग्राफी में 23वां पाठ्यक्रम (1 अप्रैल—23 मई, 1991) जिसमें 3 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया।

(4) पुस्तकों, पाण्डुलिपियों एवं अभिलेखों की देखभाल एवं संरक्षण में 24वां पाठ्यक्रम (8 जुलाई—30 अगस्त, 1991) जिसमें 7 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया (सभी प्रायोजित व्यावसायिकों के लिए)।

(5) रेप्रोग्राफी में 24वां पाठ्यक्रम (12 सितम्बर—6 नवम्बर, 1991) जिसमें 4 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। प्रायोजित व्यावसायिक एवं प्राइवेट दोनों अभ्यर्थियों के लिए।

(6) पुस्तकों, पाण्डुलिपियों एवं अभिलेखों की देखभाल एवं संरक्षण में 25वां पाठ्यक्रम (11 नवम्बर, 1991—3 जनवरी, 1992) जिसमें 8 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। (प्राइवेट अभ्यर्थियों के लिए) और

(7) "अभिलेखों की परिचर्या एवं प्रतिसंस्कार" में 33वां एवं 34वां पाठ्यक्रम (1 मई—25 जून, 1991 और 16 सितम्बर—8 नवम्बर, 1991) जिसमें क्रमशः 6 और 3 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। (प्रायोजित उप व्यावसायिकों के लिए) (कृपया परिशिष्ट 5–क से 5–ञ देखें)।

इसके अलावा पाण्डुलिपियों की मरम्मत एवं संरक्षण के क्षेत्र में मठ के कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान

करने के प्रयोजन से अधिकारियों के एक दल को ताइवान मठ में प्रतिनियुक्ति पर भेजा गया।

व्याख्यान

डा० राजेश कुमार परती, अभिलेख महानिदेशक, भारत सरकार ने 14 अप्रैल, 21 अगस्त और 12 सितम्बर, 1991 को "अभिलेख प्रबंध एवं परिरक्षण" के संबंध में सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंध संस्थान (स प्र प्र स) के 54 प्रशिक्षार्थियों को व्याख्यान दिया। सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंध संस्थान के प्रशिक्षार्थियों को निम्नलिखित अधिकारियों ने भी व्याख्यान दिए—श्री एच.डी. सिंह ने "राष्ट्रीय अभिलेखागार के कार्यकलाप एवं गतिविधियां" पर (17 जून और 14 अक्तूबर, 1991 (डा० एस. सेन गुप्ता ने "अभिलेख कक्ष का फैलाव एवं अभिलेख परिरक्षण" पर (7 मार्च, 1991) श्री के.एस. तलवार ने "अभिलेखों का संरक्षण एवं अधिग्रहण पर, श्री एस.के. खन्ना ने "अभिलेख नीति संकल्प एवं इसका महत्व" राष्ट्रीय अभिलेखागार की आवश्यकता एवं कार्यवाहियां तथा राष्ट्रीय अभिलेखागार को अभिलेखों के हस्तान्तरण की प्रक्रिया पर दोनों (5 जून, 1991 को) अपराध एवं न्यायिक विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के प्रशिक्षार्थियों को श्री अजित डे ने "फोटोग्राफी, उपकरण, सामग्री एवं प्रक्रिया" पर दो व्याख्यान (12 अप्रैल और 12 नवम्बर, 1991) और श्री सी.एल. प्रजापति ने "पुराने दस्तावेजों के परिरक्षण तथा भविष्य में दस्तावेजों के स्वरूप में होने वाले परिवर्तन" का अनुमान लगाने की प्रक्रिया पर एक व्याख्यान दिए (12 अप्रैल, 1991)।

प्रदर्शनियां एवं अभिलेख सप्ताह समारोह

वर्ष के दौरान विभाग ने दो प्रदर्शनियों का आयोजन किया। इनमें से प्रथम "अभिलेख एवं सामाजिक परिवर्तन" का आयोजन विभाग के शताब्दी समारोह के एक अंश के रूप में किया गया और यह जनसाधारण के लिए 4 अप्रैल से 15 मई, 1991 तक खुली रही (विभाग के अभिलेख-सम्पदा में से चयनित मूल दस्तावेजों एवं समकालीन छाया चित्रों पर आधारित इस प्रदर्शनी ने सामाजिक परिवर्तन के विभिन्न चरणों एवं पहलुओं तथा पिछली दो शताब्दियों में भारतीय समाज में हुए परिवर्तन पर प्रकाश डाला।

'हमारी अभिलेखीय निधियां' नामक दूसरी प्रदर्शनी अभिलेख सप्ताह समारोह के अवसर पर लगाई गयी। मानव संसाधन विकास मंत्री श्री अर्जुन सिंह द्वारा 3 दिसम्बर, 1991 को उद्घाटित यह प्रदर्शनी जनसाधारण के लिए 5 जनवरी, 1992 तक खुली रही। इस प्रदर्शनी की विशिष्ट विशेषता यह थी कि इसमें राज्य अभिलेखागारों ने अपने संरक्षण में रखे उत्तम दस्तावेजों की प्रदर्शनी लगाने में राष्ट्रीय अभिलेखागार का साथ दिया। इस प्रदर्शनी में लोक रूचि के अभिलेख प्रमुख व्यक्तियों के निजी कागज पत्र, दुर्लभ पुस्तकें, प्राचीन भाषाओं के समृद्ध अभिलेख संग्रह सम्मिलित थे।

इन दोनों प्रदर्शनियों ने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों तथा देश-विदेश के विभिन्न भागों के विशाल दर्शकों को आकर्षित किया। इनमें विद्वान, विधायक, राजनयिक, पत्रकार, कला आलोचक और व्यापक संख्या में विद्यार्थीगण शामिल थे। जनता में अभिलेखीय जागरूकता उत्पन्न करने के दृष्टिकोण से एक परिक्रमा कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। दर्शकों को अभिलेख कक्ष का एक खण्ड तथा परिरक्षण की विभिन्न पद्धतियां दिखाई गयीं और फोटो प्रलेखन का प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा दर्शकों के लाभार्थ "अभिलेखा-

राष्ट्रीय अभिलेखागार द्वारा आयोजित "अभिलेख एवं सामाजिक परिवर्तन" नामक प्रदर्शनी के निरीक्षण के दौरान दिल्ली के उप राज्यपाल श्री मारकण्डेय सिंह को एक चित्र का परिचय देते हुए डॉ. आर. के. परती, अभिलेख महानिदेशक ।

गारों और शैक्षिक संस्थाओं" से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज प्रदर्शित किए गए।

दर्शक

327 व्यक्तियों ने विभाग का दौरा किया। इनमें से प्रमुख थी श्रीमती अंगेलाइन काम्बा, भूतपूर्व उपाध्यक्ष, अन्तर्राष्ट्रीय अभिलेख परिषद और निदेशक, जिम्बाब्वे राष्ट्रीय अभिलेखागार श्रीमती जे.एस. ली और श्रीमती वाई.एस. किम, विदेश मंत्रालय, कोरिया गणराज्य के अभिलेख प्रभाग के क्रमशः निदेशक एवं सहायक निदेशक, श्री मेगनस जेवर, प्रशासन अधिकारी, स्वीडन राष्ट्रीय अभिलेखागार, डा० कटालिन केसे, लोनार्ड विश्वविद्यालय, हंगरी और श्री ए. महाजन, विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार।

सिनेमा विजन इण्डिया, नई दिल्ली और जन संचार केन्द्र, जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली को राष्ट्रीय अभिलेखागार पर वृत्त चित्र बनाने के लिए भी सहायता प्रदान की गयी जिसे बाद में राष्ट्रीय कार्यक्रम क्रमशः "सुरभि" और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नेटवर्क कार्यक्रम में प्रसारित किया गया।

सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम

भारत सरकार और चेकोस्लोवाकिया सरकार (1990-92) जाम्बिया सरकार (1991-92) हंगरी, और तंजानिया संयुक्त गणराज्य सरकारों (1991—93) के बीच हुए सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों में अभिलेखागार से संबंधित मदों को शामिल किया गया।

कम्प्यूटरीकरण

राष्ट्रीय अभिलेखागार के अभिलेखों को कम्प्यूटरीकृत किए जाने से संबंधित विभाग के प्रस्ताव को संस्कृति विभाग ने अनुमोदित किया और इसे योजना आयोग को प्रस्तुत किया गया जिसने इसे तकनीकी दृष्टि से बाधा रहित बनाने हेतु इलैक्ट्रानिकी विभाग को अग्रेषित कर दिया। तत्पश्चात् इलैक्ट्रानिकी विभाग ने कम्प्यूटर मेंटिनेंस कारपो-

रैशन लि. को कम्प्यूटर के क्षेत्र में उपलब्ध तकनीकी नवीकरण को शामिल किए जाने की दृष्टि से संभावयता रिपोर्ट को संशोधित किए जाने का सुझाव दिया। इस संशोधन रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जा रही है।

बैठकें और सम्मेलन

(बैठकें) अन्तर्राष्ट्रीय

24 से 28 नवम्बर, 1991 तक गोवा (पणजी) में स्वारबिका की 15वीं एक्जीक्यूटीव बोर्ड की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में भारत को स्वारबिका का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। परिणामस्वरूप डा. आर.के. परती, अभिलेख महानिदेशक, भारत सरकार ने इस प्रतिष्ठापूर्ण पद को ग्रहण किया।

बैठकें (राष्ट्रीय)

डा. आर.के. परती, अभिलेख महानिदेशक, भारत सरकार ने निम्नलिखित प्रमुख बैठकों में भाग लिया :—

(1) भारत के प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित 11 जनवरी, 1991 को आयोजित लाला लाजपतराय की 125वीं जन्म शताब्दी समारोह के लिए प्रथम राष्ट्रीय समिति की बैठक।

(2) नई दिल्ली में 18 मार्च, 1991 को आयोजित कला, संरक्षण एवं संग्रहालय शास्त्र इतिहास का राष्ट्रीय संग्रहालय संस्थान प्रबंध बोर्ड की बैठक।

(3) नई दिल्ली में 21 जनवरी, 1991 को मानव इतिहास हेतु यूनेस्को ब्यूरो की गोलमेज।

(4) डा० बी.आर. अम्बेडकर शताब्दी समारोह के लिए विभिन्न कार्यक्रमों को तैयार करने के लिए सचिव (संस्कृति) की अध्यक्षता में 5 अप्रैल, 1991 को आयोजित बैठक।

(5) वृन्दावन अनुसंधान संस्थान से संबंधित विभिन्न युद्ध मसलों पर चर्चा करने के लिए 22 अगस्त,

1991 को अपर सचिव (संस्कृति) की अध्यक्षता में आयोजित बैठक।

इसके अलावा अभिलेख महानिदेशक ने केन्द्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों में अभिलेख प्रबंध समस्या पर चर्चा करने के लिए क्रमशः 2 अप्रैल और 18 जुलाई, 1991 को राष्ट्रीय अभिलेखागार में आयोजित मंत्रालयों/विभागों के संगठन एवं पद्धति अधिकारियों की छठी एवं सातवीं तिमाही बैठकों की अध्यक्षता की।

